इस प्रश्न-पत्र में 46 प्रश्न तथा 16 मुद्रित पृष्ठ है।

अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

कोड नं० **71/SS/316/A1**

सेट **A1**

# भूगोल
# (316)

परीक्षा का दिन व दिनांक ..........................................................................................

निरीक्षकों के हस्ताक्षर 1. ..........................................................................................

2. ..........................................................................................

---

***सामान्य अनुदेश*** :

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 71/SS/316/A1, सेट A1 लिखें।
5. (क) प्रश्न-पत्र केवल हिन्दी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

# भूगोल
# (316)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 46 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(a) प्रश्न संख्या **1** से **16** (बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न (MCQs), प्रत्येक *1* अंक का)। इन प्रश्नों में प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिये और लिखिए।

(b) प्रश्न संख्या **17** से **20** (वस्तुनिष्ठ प्रकार के मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं, जो प्रत्येक *1* अंक का है)। दृष्टिबाधित परीक्षार्थी के लिए प्रश्न संख्या **17** से **20** के स्थान पर प्रश्न दिए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से केवल एक का उत्तर दीजिए।

प्रश्न संख्या **21** से **30** (वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक के *2* अंक हैं (2/4 उपभागों के साथ)। प्रश्न संख्या **21** से **30** प्रत्येक में दी गई सूचनाओं के अनुसार इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(c) प्रश्न संख्या **31** से **40** (अति लघु प्रश्न हैं, प्रत्येक के *2* अंक हैं और उत्तर की सीमा *30* से *50* शब्द है)। प्रश्न संख्या **36**, **37** एवं **40** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं। दृष्टिबाधित परीक्षार्थी के लिए प्रश्न संख्या **36**, **37** एवं **40** के स्थान पर प्रश्न दिए गए हैं।

(d) प्रश्न संख्या **41** से **45** (लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं), प्रत्येक के *3* अंक हैं और उत्तर की सीमा *50* से *80* शब्द है।

(e) प्रश्न संख्या **46** (दीर्घ उत्तरीय प्रकार का प्रश्न है), इसके *5* अंक हैं और उत्तर की सीमा *80* से *120* शब्द है।

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। दोपहर 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

**निर्देश** : प्रश्न संख्या **1** से **16** बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न *1* अंक का है।

**1.** कॉलम—I का मिलान कॉलम—II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

| **कॉलम—I** ( **विकास काल** ) | **कॉलम—II** ( **भूगोलवेत्ता** ) |
|---|---|
| *(a)* प्राचीन काल | *(i)* कांट |
| *(b)* पूर्व-आधुनिक काल | *(ii)* हार्टशॉर्न |
| *(c)* आधुनिक काल | *(iii)* थेल्स |
| *(d)* अत्याधुनिक काल | *(iv)* रैटजेल |

**विकल्प** :

(A) a–ii, b–i, c–iii, d–iv
(B) a–i, b–iv, c–iii, d–ii
(C) a–iii, b–i, c–iv, d–ii
(D) a–iii, b–i, c–ii, d–iv

**2.** नृविज्ञान की विशेषता से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

(A) स्थानिक संदर्भ में नस्लीय घटनाओं से संबंधित है।

(B) परिदृश्यिक विशेषताओं से संबंधित है।

(C) जनसंख्या के विभिन्न आयामों का अध्ययन करता है।

(D) भौगोलिक घटनाओं के स्थानिक और सामयिक रुझानों का अध्ययन करता है।

**3.** निम्नलिखित में से किसका संबंध ग्रहीय पवनों से है? 1

(A) मॉनसून पवनें

(B) स्थल समीर

(C) पछुवाँ पवनें

(D) घाटी समीर

**4.** सही सुमेलित युग्म का चयन कीजिए : 1

| | **( पोषण तल )** | **(उदाहरण )** |
|---|---|---|
| (A) | पोषण तल II | मांसाहारी |
| (B) | पोषण तल III | प्राकृतिक वनस्पति |
| (C) | पोषण तल IV | शाकाहारी |
| (D) | पोषण तल V | अपघटक |

**5.** रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

प्रत्येक वर्ष _____ को जैव विविधता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

(A) 22 मई

(B) 21 मई

(C) 23 मई

(D) 24 मई

**6.** अंतर्पर्वतीय पठार के उदाहरण से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

(A) कोलोराडो, बोलीविया, मालवा

(B) मैक्सिको, महाराष्ट्र, पेटागोनिया

(C) तिब्बत, कोलोराडो, बोलीविया

(D) तिब्बत, बोलीविया, पेटागोनिया

**7.** उत्पत्ति के आधार पर पर्वतों के प्रकार से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

(A) हरसिनियन पर्वत

(B) महासागरीय पर्वत

(C) महाद्वीपीय पर्वत

(D) अवशिष्ट पर्वत

**8.** एक क्षेत्र की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारकों से संबंधित सही विकल्प की पहचान कीजिए। 1

I. ऊँचाई

II. देशांतर

III. वनस्पति

IV. अक्षांश

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और III सही हैं

(B) केवल I, III और IV सही हैं

(C) केवल I, II और IV सही हैं

(D) केवल II, III और IV सही हैं

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सा कारक वायुमंडलीय दाब से संबंधित **नहीं** है? 1

(A) वर्षण (B) जलवाष्प

(C) तापमान (D) तुंगता

**10.** नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

अभिकथन (A) : भारत के दक्षिणी क्षेत्रों में साल भर गर्म तापमान रहता है।

कारण (R) : ये क्षेत्र विषुवत् रेखा के निकट स्थित हैं।

(A) (A) सही है और (R) गलत है

(B) (A) गलत है और (R) सही है

(C) दोनों (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है

(D) दोनों (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की व्याख्या नहीं है

**11.** निम्नलिखित में से तालाबों द्वारा सिँचाई में सबसे अग्रणी राज्य है 1

(A) महाराष्ट्र (B) उड़ीसा

(C) केरल (D) तमिल नाडु

**12.** 'जैव विविधता हॉटस्पॉट' शब्द का प्रतिपादन निम्नलिखित में से किसने किया है? 1

(A) सच्चिदानंद भारती (B) राजेंद्र सिंह

(C) नॉर्मन मायर्स (D) ई० पी० ओडम

**13.** यथास्थान 'जैव विविधता संरक्षण' से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

(A) वनस्पति उद्यान, चिड़ियाघर, बायोस्फीयर रिजर्व

(B) बायोस्फीयर रिजर्व, वन्यजीव अभयारण्य, राष्ट्रीय उद्यान

(C) वन्यजीव अभयारण्य, जीन बैंक, नर्सरी

(D) राष्ट्रीय उद्यान, चिड़ियाघर, नर्सरी

**14.** एक उद्योग शुष्क बैट्रियों का निर्माण करना चाहता है। निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज उद्योग द्वारा उपयोग में लाया जाएगा? 1

(A) बाक्साइट (B) मैंगनीज़

(C) क्रोमाइट (D) चूनापत्थर

**15.** किसी शहर में ताजा दूध और सब्ज़ियों का परिवहन करने वाली डिलीवरी कंपनी के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा परिवहन साधन सबसे उपयुक्त होगा? 1

(A) वायु परिवहन (B) रेल परिवहन


(C) सड़क परिवहन (D) जल परिवहन

**16.** मानव विकास रिपोर्ट प्रथम बार किस वर्ष प्रकाशित की गई? 1

(A) 1990 (B) 1992

(C) 1991 (D) 1989

**निर्देश** : दिए गए मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और मानचित्र–आधारित प्रश्न संख्या **17**, **18**, **19** और **20** के उत्तर लिखिए :




**17.** मानचित्र पर चिह्नित 'A' प्लेट की पहचान कीजिए। 1

(A) कोकोस (B) स्कॉशिया

(C) कैरिबियन (D) फिलीपीन

**18.** मानचित्र पर अंकित 'B' महासागरीय धारा की पहचान कीजिए। 1

(A) लैब्राडोर
(B) पेरु
(C) ब्राजील
(D) बेंगुएला

**19.** मानचित्र पर अंकित 'C' सदाबहार वर्षावन जीवोम की पहचान कीजिए। 1

(A) अमेज़न
(B) कांगो बेसिन
(C) नील बेसिन
(D) मेडागास्कर

**20.** मानचित्र पर अंकित 'D' टुंड्रा बायोम की पहचान कीजिए। 1

(A) अलास्का क्षेत्र
(B) आर्कटिक क्षेत्र
(C) उत्तरी कनाडा क्षेत्र
(D) अंटार्कटिक क्षेत्र

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **17**, **18**, **19** और **20** के स्थान पर हैं :

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सी प्लेट अटलांटिक महासागर में स्थित है? 1

(A) कोकोस
(B) सोमाली
(C) कैरिबियन
(D) फिलीपीन

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सी गर्म महासागरीय धारा है? 1

(A) लैब्राडोर
(B) पेरु
(C) ब्राजील
(D) बेंगुएला

**19.** निम्नलिखित में से कौन-सा अफ्रीका का सबसे बड़ा 'सदाबहार वर्षावन' जीवोम भूमध्यरेखीय क्षेत्र में स्थित है? 1

(A) अमेज़न
(B) कांगो बेसिन
(C) नील बेसिन
(D) मेडागास्कर

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सा टुंड्रा बायोम यूरेशिया में स्थित है? 1

(A) अलास्का क्षेत्र
(B) आर्कटिक क्षेत्र
(C) उत्तरी कनाडा क्षेत्र
(D) अंटार्कटिक क्षेत्र

**21.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त शब्दों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करके दीजिए : 1×2=2

(क) ______ मैदान मुख्य रूप से समुद्रतल या महाद्वीपीय शेल्फ के एक हिस्से के उभार से बनते हैं।

(ख) ______ यांत्रिक रूप से अपरदन के साधनों का आपस में टकराकर टूटने तथा निम्न होने की क्रिया है।

**22.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** शब्दों में दीजिए : 1×2=2

(क) भारत में हिमालय की सबसे ऊँची चोटी का नाम लिखिए।

(ख) अरावली पहाड़ियों की सबसे ऊँची चोटी का नाम लिखिए।

**23.** दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** शब्दों में लिखिए : 1×2=2

**एल–निनो का प्रभाव**

भारत में मौसमी स्थितियों पर एल-निनो का भी प्रभाव पड़ता है, जो दुनिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में विस्तृत बाढ़ और सूखे का कारण बनता है। एल-निनो एक संकीर्ण गर्म मौसमी धारा है जो कभी-कभी दक्षिण अमेरिका के पेरु के तटों पर दिखाई देती है। यह ठंडी पेरु मौसमी धारा की एक अस्थायी प्रतिस्थापना है, जो सामान्य रूप से इस तट पर बहती है। कभी-कभी यह और भी तीव्र हो जाती है और समुद्र सतह के जल के तापमान को 10 °C सेल्सियस तक बढ़ाती है। उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर के जल के तापमान में बढ़त वायु दाब और हवा प्रणाली के वैश्विक प्रतिरूप के साथ-साथ हिन्द महासागर में मॉनसूनी हवाओं पर भी प्रभाव डालती है। माना जाता है कि 1987 में एल-निनो भारत में अत्यधिक सूखे का कारण बना था।

(क) एल-निनो घटना किस महासागर में विकसित होती है?

(ख) एल-निनो भारत की जलवायु को किस प्रकार प्रभावित करती है?

**24.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** शब्दों में दीजिए : 1×2=2

(क) क्षेत्रीय संपर्क के अंतर्गत नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा आरंभ की गई योजना का नाम लिखिए।

(ख) हल्दिया तथा प्रयागराज के बीच राष्ट्रीय जलमार्ग का नाम लिखिए।

**25.** कॉलम—I का मिलान कॉलम—II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : ½×4=2

| **कॉलम—I** (सम्मेलन) | **कॉलम—II** (वर्ष) |
|---|---|
| *(a)* हमारा साझा भविष्य | *(i)* 1972 |
| *(b)* रियो (एजेंडा 21) | *(ii)* 1987 |
| *(c)* UNCHE | *(iii)* 2002 |
| *(d)* Rio + 10 (WSSD) | *(iv)* 2000 |
| | *(v)* 1992 |

**26.** कॉलम—I का मिलान कॉलम—II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : ½×4=2

| कॉलम—I ( फ़सल ) | | कॉलम—II ( अग्रणी उत्पादक राज्य ) | |
|---|---|---|---|
| *(a)* | गेहूँ | *(i)* | पश्चिम बंगाल |
| *(b)* | कपास | *(ii)* | कर्नाटक |
| *(c)* | चावल | *(iii)* | उत्तर प्रदेश |
| *(d)* | कहवा | *(iv)* | गुजरात |
| | | *(v)* | असम |

**27.** दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** शब्दों में दीजिए : 1×2=2

**जैव विविधता का महत्त्व**

जैव विविधता पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व और समृद्धि के लिए मुख्य है जिसके महत्त्व को कम करके नहीं आंका जा सकता है। जीवित प्रजातियों की किस्में परस्पर संबंधित और अन्योन्याश्रित हैं और एक पारितंत्र का निर्माण करती हैं। मानव या प्राकृतिक आपदाओं द्वारा इस बहुत महत्त्वपूर्ण संतुलन में किसी भी तरह की गड़बड़ी से जैव विविधता को आंशिक या पूर्ण रूप से नुकसान हो सकता है। मनुष्य भी जैव विविधता का एक महत्त्वपूर्ण घटक हैं। वनों की कटाई या वन्यजीवों के अवैध शिकार आदि द्वारा जैविक संसाधनों के अति-दोहन के कारण अथवा किसी भी लापरवाही से व्यवस्था में असंतुलन पैदा हो सकता है जो श्रृंखला में सभी को प्रभावित करता है, यहाँ तक कि मनुष्यों को भी। जैव विविधता प्रजातियों, पारितंत्र और जीवोम में जीवन रूपों की परिवर्तनशीलता को इंगित करती है। जलवायु विशेषताओं, मिट्टी के रखरखाव, पारिस्थितिक संतुलन, पौधों के परागण, जल पुनर्चक्रण, पोषक तत्वों के पुनर्चक्रण आदि की निरंतरता के लिए जैव विविधता आवश्यक है। जैव विविधता के कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष उपयोग होते हैं।

(क) जैव विविधता के किसी **एक** ह्रास के कारण का उल्लेख कीजिए।

(ख) जैव विविधता का संरक्षण क्यों आवश्यक है? किसी **एक** कारण का उल्लेख कीजिए।

**28.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त शब्दों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करके दीजिए : 1×2=2

(क) भारत में _____ राज्य का एस० डी० जी० सूचकांक स्कोर उच्चतम है।

(ख) एस० डी० जी० सूचकांक स्कोर के अनुसार, 50–64 स्कोर रेंज राज्य _____ स्थिति दर्शाता है।

**29.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त शब्दों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करके दीजिए : 1×2=2

(क) मानव पर्यावरण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत वर्ष _____ में हुई थी।

(ख) सहस्राब्दि विकास लक्ष्य _____ वर्ष में अपनाए गए।

**30.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** शब्दों में लिखिए : 1×2=2

(क) जब समाज हिंसा और भय से मुक्त हो तो सतत् विकास के कौन से 'P' को दर्शाता है?

(ख) आर्थिक स्थिरता का प्रमुख उद्देश्य लक्ष्य का उल्लेख कीजिए।

**31.** स्थल समीर तथा समुद्र समीर के अंतर को **दो** बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए। 1×2=2

**32.** भारत में स्त्री साक्षरता दर में वृद्धि के **दो** कारण स्पष्ट कीजिए। 1×2=2

**33.** भ्रन्शोत्थ (ब्लॉक) पर्वत के निर्माण को **दो** बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए। 1×2=2

**34.** महासागरीय धाराओं को तापमान के आधार पर वर्गीकृत कीजिए। 1×2=2

**35.** ''भारत में सिंचाई की माँग निरंतर बढ़ रही है।'' **दो** कारण देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए। 1×2=2

**36.** पृष्ठ संख्या **13** में दिए गए भारत के भौतिक रेखामानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : 1×2=2

(क) दक्षिणी भारत की सबसे ऊँची चोटी

(ख) मंगलौर से कन्याकुमारी तक का तट

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **36** के स्थान पर हैं : 1×2=2

(क) दक्षिणी भारत की सबसे ऊँची चोटी का नाम-उल्लेख कीजिए।

(ख) मंगलौर से कन्याकुमारी तक का तट का नाम-उल्लेख कीजिए।

**37.** पृष्ठ संख्या **15** में दिए गए भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र पर निम्नलिखित को अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : 1×2=2

(क) बिहार में स्थित एक तेल शोधन कारखाना।

(ख) गोआ में स्थित एक प्रमुख समुद्री पत्तन।

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **37** के स्थान पर हैं : 1×2=2


(क) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ बिहार में एक तेल शोधन कारखाना स्थित है।

(ख) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गोवा में एक प्रमुख समुद्री पत्तन स्थित है।

**38.** ऊर्जा के स्रोत के रूप में कोयले के उपयोग का वर्णन **दो** बिंदुओं में कीजिए। 1×2=2

**39.** ''जलवायु परिवर्तन के प्रभाव जल प्रणालियों पर आसानी से दिखाई देते हैं।'' किन्हीं **दो** तर्कों द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए। 1×2=2

**40.** दिए गए मानचित्र के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×2=2




(क) एस० डी० जी० सूचकांक में सबसे अधिक स्कोर वाले केंद्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए।

(ख) एस० डी० जी० सूचकांक में सबसे कम स्कोर वाले राज्य का नाम लिखिए।

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **40** के स्थान पर हैं : 1×2=2

(क) एस० डी० जी० सूचकांक में सबसे अधिक स्कोर वाले केंद्रशासित प्रदेश का उल्लेख कीजिए।

(ख) एस० डी० जी० सूचकांक में सबसे कम स्कोर वाले राज्य का उल्लेख कीजिए।

**41.** महाद्वीपीय निमग्न तट के महत्त्व को **तीन** बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए। 1×3=3

***अथवा***

महाद्वीपीय निमग्न तट के निर्माण के कारणों को **तीन** बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए।

**42.** अंतर्पर्वतीय पठार की विशेषताओं का वर्णन **तीन** बिंदुओं में कीजिए। 1×3=3

**43.** जलवायु परिवर्तनशीलता तथा जलवायु परिवर्तन के अंतर को **तीन** बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए। 1×3=3

**44.** भारत में वापसी कर रहे मानसून की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 1×3=3

**45.** भारत में भूमिगत जल की उपलब्धता को प्रभावित करने वाले कारकों का उदाहरण सहित विश्लेषण कीजिए। 1×3=3

***अथवा***

भारत में जल संभर विकास कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए **तीन** बिंदुओं का विश्लेषण कीजिए।

**46.** ''भारत को मानव विकास के निचले पायदान पर रखा गया है।'' उपयुक्त उदाहरणों सहित इस कथन की परख कीजिए। 1×5=5

***अथवा***

''मानव विकास सूचकांक में भारत के भीतर विविधताएँ हैं।'' उपयुक्त उदाहरण सहित कथन की परख कीजिए।

★ ★ ★


BLANK PAGE

अनुक्रमांक

इस मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी करें

## भारत का भौतिक रेखामानचित्र

प्रश्न सं० **36** के लिए मानचित्र



BLANK PAGE

अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

इस मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी करें

प्रश्न सं० **37** के लिए मानचित्र

## भारत का राजनीतिक रेखामानचित्र

